गुरु पूर्णिमा पर नौनर सरकार हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज नौनर सरकार हनुमान जी मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

अलसुबह से ही मंदिर परिसर में जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी।

सुबह महाआरती के साथ हुई शुरुआत : गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम नौनर सरकार हनुमान जी का विशेष श्रृंगार एवं पूजन-अर्चन किया गया।

विशेष पूजा-अर्चना : पंडितों एवं आचार्यों द्वारा विधि-विधान से हनुमान जी का अभिषेक एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती संपन्न की गई।

गुरु वंदना: मंदिर में स्थित गुरुगादी एवं आचार्यों का पूजन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

भजन-कीर्तन : स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।

महाप्रसाद में हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी : पूजा-अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा।

प्रमुख आयोजन पूजा-अर्चना, महाआरती, एवं विशाल भंडारा : श्रद्धालुओं की संख्याहजारों की संख्या में क्षेत्रवासी एवं दूर-दराज के भक्त आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों ने बड़ी ही मुस्तैदी से पंक्तियों में बैठाकर सभी श्रद्धालुओं को सम्मानपूर्वक प्रसादी ग्रहण कराई। व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मंदिर समिति द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नौनर सरकार हनुमान जी के दर्शन और प्रसादी प्राप्त कर मन को अत्यंत शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है।

शांति और व्यवस्था बनी रही : आयोजन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा। भंडारे का समापन हनुमान जी की आरती और सभी देशवासियों के कल्याण की कामना के साथ हुआ।

कलमी कक्करदा माता मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन : ईस अवसर पर कलमी कक्करदा माता मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी ने सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

गुरु पूर्णिमा पर नकचा बालाजी मंदिर में भंडारे का आयोजन

श्योपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्योपुर स्थित नकचा बालाजी मंदिर में गुरु संत श्री 1008 गोकुलधाम जी महाराज एवं महाराज श्री राम नरेश जी के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजकों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर वर्ष श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। मंदिर परिसर में सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से प्रसादी वितरित की। श्रद्धालुओं ने गुरुजनों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी नगर परिषद बड़ौदा की हठधर्मिता

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। नगर परिषद बड़ौदा की हठधर्मी और मनमानीपूर्ण कार्यप्रणाली का खामियाजा एक बार फिर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि नगर परिषद बड़ौदा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी उनकी अर्जित अवकाश नकदीकरण की बकाया राशि नहीं मिली है। इस बकाया राशि और विलंबित भुगतान पर ब्याज पाने के लिए कर्मचारियों ने एकल व संयुक्त रूप से आवेदन और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया। कोई समाधान न होने पर मजबूरन सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने माननीय उच्च न्यायालय का रुख किया।

3 महीने बीतने पर भी नहीं मिला सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भुगतान

उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश : उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नगर परिषद बड़ौदा को 13 जनवरी 2026 को आदेश प्रेषित किया था। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी देयकों का भुगतान 6: वार्षिक ब्याज सहित निर्धारित समयावधि में किया जाए।

निर्धारित समयावधि में भुगतान न करने की स्थिति में ब्याज दर बढ़ाकर 10: वार्षिक कर दी जाएगी। बकाया राशि और देरी से भुगतान के कारण देय 6 : वार्षिक ब्याज का तुरंत समायोजन कर अवशेष राशि व ब्याज का भुगतान किया जाए।

इसके अलावा नगर परिषद बड़ौदा पर 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

आदेश के 3 महीने बाद भी नहीं हुआ अमल

अदालत के सख्त रुख के बावजूद 03 महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन नगर परिषद ने कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है। कर्मचारियों का आरोप है कि नगर परिषद अपनी हठधर्मिता के चलते न्यायपालिका के आदेशों की भी अवहेलना कर रही है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दी चेतावनी

सेवानिवृत्त कर्मचारी रामरतन और बाबूलाल बाल्मिक ने नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों की निरंकुश कार्यप्रणाली पर कड़ा ऐतराज जताते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो वे पुन: माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होंगे। इस दौरान होने वाले सभी हर्जे-खर्चे और कानूनी परिणामों की पूरी जवाबदेही नगर परिषद बड़ौदा की होगी।

ओछापुरा में मलेरिया सर्विलेंस शिविर आयोजित

श्योपुर, 29 जुलाई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिंदल के निर्देशन में ग्राम ओछापुरा में मलेरिया मास सर्विलांस शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, शिविर में 118 ग्रामीणों की जाचं की गई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर जनित बीमारियों की समय रहते पहचान करना और मलेरिया के संक्रमण को फैलने से रोकना है। जांच शिविर में मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर साहिब कुरैशी, डॉ असद अंसारी, एलएल जाटव, राजीव शर्मा, अंगद सिंह, एएनएम सुश्री दिव्या, मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश पाठक, दीपक शर्मा सहित आशा कार्यकर्त्ता शामिल रही। नि:शुल्क औषधि वितरण परीक्षण के बाद बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों के लक्षण वाले मरीजों की पहचान की गई और उन्हें मलेरिया रोधी दवाएं एवं आवश्यक औषधियां पूरी तरह नि:शुल्क प्रदान की गईं।

नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान अंतर्गत दौड़ आयोजित

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत आज पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर से गांधी पार्क गुलम्बर तक मिनी मैराथन दौड का आयोजन उत्साहपूर्वक वातावरण में संपन्न हुआ। नशे के विरूद्ध जागरूकता के संकल्प के साथ मिनी मैराथन में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान सहित अधिकारी, छात्र, जनप्रतिनिधि, खिलाडी, नागरिक सभी मिलकर दौडे। प्रात:कालीन समय में आयोजित मिनी मैराथन दौड के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया।

मिनी मैराथन में दौड़े कलेक्टर-एसपी सहित छात्र एवं नागरिक, क्रिएटिव श्योपुर की ओर से दिए गए प्रमाण पत्र

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा हरी झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय, एडिशनल एसपी श्री भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य एवं पवन घुरैया, एसडीओपी राजीव गुप्ता, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र, खिलाडी, जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित रहें।

मिनी मैराथन दौड का समापन गांधी पार्क पर समारोहपूर्वक संपन्न हुआ, इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति अन्य व्यक्तियों को जागरूक करते हुए नशामुक्ति अभियान में सहयोग की अपील की गई।

मिनी मैराथन दौड़ के विजेताओं प्रदान किए प्रशस्ती पत्र

पुलिस विभाग के तत्वाधान में सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से आयोजित उक्त कार्यक्रम के अंत में मिनी मैराथन दौड के विजेताओं को जिला पुलिस की ओर से प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। प्रथम स्थान के लिए कन्हैया बंजारा, द्वितीय स्थान के लिए आकाश गुर्जर एवं तृतीय स्थान के लिए विकास सेन को प्रशस्ती पत्र दिये गये। इसके साथ ही मिनी मैराथन दौड के लिए नशे के प्रति जागरूकता से संबंधित चयनित स्लोगन प्रविष्टियों को जिला प्रशासन श्योपुर की अभिनव पहल क्रियेटिव श्योपुर की ओर से प्रशस्ती पत्र भेंट किये गये। मिनी मैराथन से पूर्व नशामुक्ति के संबंध में स्लोगन की प्रविष्टिया आमंत्रित की गई थी, श्रेष्ठ 10 चयनित स्लोगन के लेखको को क्रियेटिव श्योपुर की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, चयनित विजेताओं में छात्र रूद्र प्रताप सिंह एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर, आशीष शाह एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर, विनायक गौर एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर, अनिकेत जाटव हाई स्कूल नयागांव, कार्तिक गौर एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर, आशीष बैरवा मिडिल स्कूल मेखडाहेडी, अदीबा नाज एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर, सुमित गुर्जर पीएम स्कूल बुखारी, लवली राठौर हायर सैकेण्डरी स्कूल ओछापुरा, कशिश शर्मा हायर सैकेण्डरी स्कूल ओछापुरा शामिल रहें।

महार्षि सांदीपनि गुरू पर्व का जिला स्तरीय आयोजन

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सांदीपनि विद्यालय, श्योपुर में आयोजित सांदीपनि उत्सव गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा, संस्कार और आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम बनकर उभरा। पूरे कार्यक्रम में गुरुजनों के सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों के अभिनंदन, उत्कृष्ट शिक्षकों के सम्मान तथा विद्यालय में विकसित आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

सांदीपनि विद्यालय में मना गुरू पूर्णिमा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सूजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन उपस्थित रहे। समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कैलाश पाराशर (समाजसेवी) एवं अशोक महाना (सेवानिवृत्त प्राचार्य) का श्रीफल, शॉल एवं माल्यार्पण कर भावपूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन के नेतृत्व में नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इन प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए रोबोटिक मॉडल, विज्ञान के रोचक प्रयोग, डिजिटल शिक्षण सामग्री एवं तकनीक आधारित नवाचारों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं प्रयोगों का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विद्यालय के नवाचारों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार खंडेलवाल ने सांदीपनि उत्सव की अवधारणा, विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं नवाचार आधारित शिक्षण व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी एवं सफल मंच संचालन सोनू जैन ने किया। गुरु सम्मान, नवाचार, आधुनिक तकनीक और विद्यार्थियों की प्रतिभा से सुसज्जित यह आयोजन उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय बन गया।

मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण, लिए दवाओं के नमूने

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के मेडिकल स्टोर्स का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में ड्रग इस्पेक्टर मनीष कुशवाह द्वारा प्रेमसर एवं ननावद क्षेत्र के विष्णु मेडिकल, श्रीराम मेडिकल, राधेरानी मेडिकल स्टोर, कुमकुम मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। इन मेडिकल स्टोर्स को औषधियों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति, शेड्यूल औषधियों के क्रय एवं विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायरी ड्रग मैनेजमेंट, नशे के रूप में दुरुपयोग हो सकने वाली औषधियों एवं एनआरएक्स श्रेणी की दवाइयों के क्रय एवं विक्रय रिकॉर्ड की सघन जांच की गई। इसी दौरान दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दवाओं के नमूने, जांच विश्लेषण हेतु लिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में शर्मा मेडिकल स्टोर एवं मुस्कान मेडिकल स्टोर को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में निर्देश दिये कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर मुख्य समारोह का आयोजन वीर सावरकर स्टेडियम श्योपुर में होगा।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, डीएफ्ओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य समारोह के गरिमामयी आयोजन के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। नगरपालिका द्वारा आयोजन के तहत विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने निर्देश दिये कि शिक्षा विभाग द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य सह अतिथियों द्वारा बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किये जाने के क्रम में स्कूल का चिन्हांकन किया जायें एवं पौधरोपण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मुख्य समारोह के दौरान प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की जायें।

फसल बीमा योजना अंतर्गत अंतिम तिथि 31 जुलाई : श्योपुर। भारत सरकार किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ2026 मौसम के लिये कृषकों की अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा रहा है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा श्योपुर म.प्र. से एक पॉलिसी क्र. **201566399** क्रय की है, जिसमें मेरा नाम **कंगोलो मैत्रा** पुत्र **श्री लटुर लाल मैत्रा** (KANGOLO MAITRA S/O SH. LATUR LAL MAITRA) अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड क्र. 3584 7488 0842 में मेरा नाम **ब्रजमोहन मेहतर** पुत्र **लटुर** (BRAJMOHAN MAHATAR S/O SH. LATOOR) दर्ज है, तथा मेरे भारतीय स्टेट बैंक में संचालित खाते में मेरा नाम (BRIJMOHAN S/O SH. LATUR BALMIKI) दर्ज है। यह कि उपरोक्त वर्णित दस्तावेजो में दर्ज भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति मुझ **ब्रजमोहन मेहतर** पुत्र **लटुर** (BRAJMOHAN MAHATAR S/O SH. LATOOR) के ही है, मुझे उक्त सभी नामो से जाना - पहचाना व पुकारा जाता है, अब भविष्य में मुझे **ब्रजमोहन मेहतर** पुत्र **लटुर** (BRAJMOHAN MAHATAR S/O SH. LATOOR) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
ब्रजमोहन मेहतर पुत्र लटुर
निवासी ग्राम कुडायथा तहसील बड़ौदा
जिला श्योपुर म.प्र.
पिन 476339 मोबा.नं. 9893939414

ग्राम सोई में लगी यातायात चौपाल, सड़क सुरक्षा और राहवीर योजना की दी जानकारी

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 29 जुलाई। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से नवागत पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान की विशेष पहल पर यातायात पुलिस द्वारा ग्राम चौपाल कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी क्रम में थाना देहात क्षेत्र के ग्राम सोई में यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में करीब 70 ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, थाना प्रभारी देहात उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी, सूबेदार अनिल बाथम सहित यातायात एवं देहात थाने के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। चौपाल में ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, उनसे बचाव के उपाय, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, सड़क संकेतों एवं रोड मार्किंग की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा यानी गोल्डन ऑवर सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल को अस्पताल पहुंचाने से उसकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

थाना प्रभारी यातायात संजय सिंह राजपूत ने दुर्घटनाओं के आंकड़ों के साथ ग्रामीणों को सुरक्षित वाहन चलाने के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। साथ ही युवाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलाने की समझाइश दी। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी देहात राहुल रघुवंशी ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

ग्राम चौपाल में 20 स्वयंसेवकों (वॉलिंटियर) को चिन्हित कर उनके नाम और मोबाइल नंबर थाना रजिस्टर में दर्ज किए गए। इन स्वयंसेवकों ने सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की तत्काल सहायता कर उन्हें अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये स्वयंसेवक अन्य ग्रामीणों को भी दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए प्रेरित करेंगे।

इस दौरान ग्रामीणों को राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना तथा प्रधानमंत्री राहत कैशलेस उपचार योजना की भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले पात्र व्यक्ति को ?25,000 का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

ग्रामीणों को यातायात के प्रति करना है जागरूक

हिट एंड रन प्रतिकर योजना के अंतर्गत अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना में 30 दिन तक वाहन का पता नहीं चलने पर मृतक के परिजनों को 2 लाख तथा गंभीर घायल को 50 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा पीएम राहत कैशलेस उपचार योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का चिन्हित निजी अस्पतालों में 1.5 लाख तक का उपचार कैशलेस किए जाने का प्रावधान है। यातायात पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आने वाले दिनों में शिवपुरी रोड, पाली रोड, बड़ौदा रोड, खतौली रोड और ढोढर नहर मार्ग से जुड़े कई गांवों में भी इसी प्रकार के ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना पुराना नाम बदलकर रुमाना (Rumana) से रुमाना दाऊदी (Rumana Daudi) कर दिया है। मुझे भविष्य में रुमाना दाऊदी (Rumana Daudi) पत्नी हकीमुद्दीन (Hakimuddin) के नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

प्रार्थी
रुमाना दाऊदी पत्नी
हकीमुद्दीन, निवास-पंडित मोहल्ला श्योपुर (म.प्र.)

AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)

REQUEST FOR PROPOSAL

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

Sr.No.	Title and Tender ID No.	Bid Due Date	Bid Opening Date
01	Establishment of Chhatrapati Sambhajinagar Zoo - Supply of Trees for Plantation (SH: Horticulture Works) 2026_ASCDC_1322828_1	05 August 2026	07 August 2026 16:00 hrs.

The tender document can be downloaded from
https://www.mahatenders.gov.in
Sd/-
Chief Executive Officer
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited